मरीजों को दी जाने वाली कार्डिक सेवाओं एवं व्यवस्थाओं की सराहना की।

बीकानेर,(कासं)। चिकित्सा शिक्षा विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड ने बुधवार को प्रस्तावित वीआईपी विजिट के मध्यनजर पीबीएम के हल्दीराम मूलचंद हार्ट हॉस्पिटल का निरीक्षण किया।

इस दौरान इंटेनशिव कार्डिक केयर यूनिट में वीआईपी विजिट से संबंधित इमरजेंसी सेवाओं का निरीक्षण किया। साथ ही कार्डिक इमरजेंसी, एसीसीयू 2 में दी जाने वाली चिकित्सा व्यवस्थाओं को भी देखा। इस दौरान हार्ट हॉस्पिटल के प्रभारी डॉक्टर देवेन्द्र अग्रवाल एवं विभागाध्यक्ष डॉ. पिंटू नाहटा ने कार्डिक अस्पताल में दी जाने वाली विभिन्न प्रकार की आधुनिकतम चिकित्सा सेवाओं की जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान गायत्री राठौड ने कंटीजेंसी रूम द्वितीय तल कमरा नंबर दो तीन एवं चार का भी अवलोकन किया। साथ ही कैथ लैब एवं प्रस्तावित दो नवीन कैथ लैब का भी अवलोकन किया।

राठौड ने निरीक्षण के दौरान मरीजों को दी जाने वाली कार्डिक सेवाओं एवं व्यवस्थाओं की सराहना की। इस दौरान एसपी मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. गुंजन सोनी, पीबीएम अधीक्षक डॉ. सुरेंद्र कुमार, संयुक्त निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग डॉ. देवेन्द्र चौधरी, एमएनडीवाई नोडल अधिकारी डॉक्टर शिवशंकर, प्रोटोकॉल अधिकारी एवं ईएमडी प्रभारी डॉ. जितेन्द्र आचार्य, उपाधीक्षक डॉ. गौरीशंकर जोशी सहित अन्य चिकित्सक साथ थे।

चिकित्सा शिक्षा विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने हल्दीराम हार्ट हॉस्पिटल बीकानेर का निरीक्षण किया।

अल्ट्रासाउंड से आंत रोगों का इलाज : श्रीगंगानगर के डॉ. एसएस टांटिया मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर (जन सेवा हॉस्पिटल) के गेस्ट्रोएंट्रोलॉजी विभाग में सामान्य एवं जटिल आंत संबंधी रोगों का निदान किया जा रहा है। इसके लिए विभाग में आधुनिक एंडोस्कोपिक उपकरण व एंडोस्कोपिक अल्ट्रासाउंड (इन्यूएस) उपलब्ध है। इससे गेस्ट्रो से संबंधित सभी तरह की बीमारियों को समग्रता व गहराई से समझकर इलाज किया जा रहा है।

हॉस्पिटल के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी प्रो. बलजीत कुलड़िया बताते हैं कि विभाग के डीएम गेस्ट्रोएंट्रोलॉजी डॉ. के. के. कुमावत और डॉ. शशांक भंसाली अनुभवी चिकित्सक हैं। डॉ. के. के. कुमावत बताते हैं कि किसी रोग की जांच पहला कदम होता है, समय रहते उसकी पहचान करना। यह बात कैंसर पर सबसे ज्यादा लागू होती है। इसी को ध्यान में रखते हुए अस्पताल प्रबंधन ने कैंसर यूनिट की स्थापना की जो निकट भविष्य में काम शुरू कर देगी।

दुर्लभ फेफड़ों की बीमारी से जान बचाई : श्रीगंगानगर के नाथावाला स्थित एसएन सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में जिले की एक 32 वर्षीय महिला का पल्मोनरी ग्रैनुलोमैटोसिस विद पॉलिंजिटीज का सफल इलाज किया गया। महिला को दो महीनों से खांसी, बुखार और थकान की शिकायत थी। श्वास रोग विशेषज्ञ डॉ आदित्य अग्रवाल ने बताया कि सीटी स्कैन में फेफड़ों में कई छेद दिखाई दिए जिससे टीबी का शक हुआ।

लेकिन ब्रोंकोस्कोपी और एंटी-न्यूट्रोफिल साइटोप्लाज्मिक एंटीबॉडी टेस्ट के बाद पता चला कि महिला को जीपीए था, एक ऑटोइम्यून बीमारी। सही समय पर निदान और उपचार के कारण महिला की स्थिति में सुधार हुआ। हॉस्पिटल के डायरेक्टर विकास सिहाग ने बताया कि पुरानी खांसी, बुखार और थकान के लक्षण हैं तो तुरंत श्वास रोग विशेषज्ञ से सम्पर्क करें।

- **प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने कार्डिक केयर यूनिट में वीआईपी विजिट से संबंधित इमरजेंसी सेवाओं तथा कार्डिक, एसीसीयू 2 में दी जाने वाली चिकित्सा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया**

सी.एम. सहित कई मंत्रियों ने बीकानेर में डेरा डाला

बीकानेर, (कासं)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक दिवसीय दौरे पर गुरूवार को बीकानेर आयेंगे। प्रधानमंत्री के दौरे से पहले मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा दो दिवसीय दौरे पर बुधवार को बीकानेर पहुंचे। मुख्यमंत्री जयपुर से वायु मार्ग से प्रस्थान कर नाल एयरपोर्ट पहुंचे। मुख्यमंत्री रात्रि विश्राम बीकानेर में करेंगे।

उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा बुधवार को बीकानेर पहुंचे। उप मुख्यमंत्री डॉ. बैरवा गुरूवार को प्रातः 10.30 बजे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित होने वाले प्रस्तावित कार्यक्रम में शामिल होंगे। वे दोपहर 2 बजे बीकानेर से जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी बुधवार को बीकानेर पहुंची। वे दोपहर 1.30 बजे बीकानेर से जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगी। केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव बुधवार शाम प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बीकानेर पहुंचे। वहीं केन्द्रीय विधि मंत्री अर्जुनराम मेघवाल प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर बीकानेर में तैयारियों में जुटे है।

केन्द्रीय कृषि एवं कृषक कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी गुरूवार को बीकानेर आयेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे बुधवार को बीकानेर पहुंची। राजे जयपुर से रवाना होकर सड़क मार्ग से रात्रि 8 बजे बीकानेर पहुंची। वे रात्रि विश्राम बीकानेर में करेंगी।

सार-समाचार

जमीन आवंटन का मामला अटका

बीकानेर, (कासं)। पुलिस महकमे में गंगाशहर सीओ सर्किल के लिए जमीन आवंटन का मामला एक बार फिर अटक गया है। शिव वैली में दी जाने वाली 2500 वर्ग मी. जमीन नगर निगम की है या बीडीए की, यह तय नहीं है। सीओ गंगाशहर सर्किल का ऑफिस बनाने के लिए दो साल बाद भी जगह नहीं मिल पाई है। पिछले दिनों नगर निगम की ओर से शिव वैली में 2500 वर्ग मी. जमीन आवंटित करने का निणन्य लिया गया था, लेकिन अब इसमें पेंच फंस गया है। शिव वैली में दी जाने वाली जमीन नगर निगम की है या बीडीए की, यह तय नहीं है। ऐसे में सीओ गंगाशहर के लिए जमीन देने का मामला एक बार फिर अटक गया है। पूर्व में जमीन नगर निगम की मानी गई थी, लेकिन खसरा, राजस्व रिकॉर्ड के अनुसार जमीन बीडीए के अधीन बताई जा रही है। राज्य सरकार ने अपने बजट 23-24 में गंगाशहर सर्किल बनाने की घोषणा की थी जिसमें गंगाशहर, नाल और नापासर पुलिस थानों को शामिल किया गया था। बजट घोषणा के दो साल बाद भी सर्किल को जमीन नहीं मिली और गंगाशहर थाने में ही संचालित किया जा रहा है। गंगाशहर सर्किल के लिए जमीन अलॉट के बाद भवन निर्माण के प्रस्ताव तैयार कर एस्टीमेट पुलिस मुख्यालय को भेजा जाएगा। उसके बाद बजट की राशि और निर्माण एजेंसी तय होगी। टेंडर होगा और भवन निर्माण का काम शुरू किया जा सकेगा। शिव वैली में गंगाशहर सर्किल के लिए चिह्नित जमीन के वास्तविक स्वामित्व का पता लगाने के लिए नगर निगम उपायुक्त यशपाल आहूजा ने बीकानेर तहसीलदार को पत्र लिखा है। तहसीलदार से वास्तविक खसरा संख्या, राजस्व रिकॉर्ड में भूमि के स्वामित्व के संबंध में स्पष्ट रिपोर्ट, भूमि की राजस्व रिकॉर्ड की जानकारी, जमाबंदी, नक्शा उपलब्ध करवाने के लिए कहा गया है।

अधूरी सड़क से किसान परेशान

श्रीगंगानगर, (कासं)। बींझबायला मंडी में अधूरी सड़क ने व्यापारियों और किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। पदमपुर-हनुमानगढ़ मुख्य सड़क का निर्माण दो-तीन महीने से रुका हुआ है। ठेकेदार काम अधूरा छोड़ गया। इससे मंडी के दोनों ओर की दुकानें सूनी हो गई हैं। सरकारी गेहूं खरीद सीजन चल रहा है, फिर भी किसान मंडी नहीं पहुंच पा रहे। व्यापारियों ने बताया कि सड़क की हालत इतनी खराब है कि ट्रैक्टर-ट्रॉली से फसल लाना मुश्किल हो गया है। कई किसान फसल लाने से बच रहे हैं। मंडी में कारोबार ठप है। व्यापारियों की रोजी-रोटी पर संकट खड़ा हो गया है। इसी को लेकर परेशान व्यापरियों व आमजन ने बिंझबायला में उपतहसील कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर राहत प्रदान करने की मांग की है। इस सड़क का रास्ता सीधे करणपुर बॉर्डर तक जाता है। हाल ही में भारत-पाक सीमा पर बने हालातों को देखते हुए यह मार्ग सेना के लिए भी जरूरी हो सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर सेना को इस रास्ते से गुजरना पड़ा, तो अधूरी सड़क से बड़ी परेशानी खड़ी हो सकती है। आज व्यापारियों ने उप तहसील में नई तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। मांग की कि दो दिन में काम शुरू कराया जाए। चेतावनी दी कि अगर कार्रवाई नहीं हुई, तो उपतहसील कार्यालय के बाहर धरना लगा कर सड़क मार्ग को जाम किया जाएगा। इसके लिए प्रशासन जिम्मेदार होगा। ज्ञापन देने वालों में दलीप, परविंदर साई, विजयपाल, विनोद कुमार, नारायण, इंद्रजीत, जगराज सिंह, रमेश सहित कई व्यापारी शामिल थे। सभी ने कहा कि रोज नुकसान हो रहा है। हालात नहीं बदले तो दुकानें बंद करनी पड़ेंगी। ग्रामीणों का कहना है कि विभागीय लापरवाही और ठेकेदार की अनदेखी अब बर्दाश्त से बाहर है। उम्मीद है कि प्रशासन जल्द कार्रवाई करेगा और मंडी को राहत मिलेगी।

सवा 12 किलो गांजा सहित दो पकड़े

नोखा, (कासं)। पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 12 किलो 285 ग्राम गांजा जब्त किया है। इस मामले में नागौर जिले के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में नागौर के ढीगसरा निवासी समेर राम (35) और बजरंग (31) शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों की कार भी जब्त की है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कैलाश सिंह सान्धु और वृत्ताधिकारी नोखा हिमांशु शर्मा के सुपरविजन में यह कार्रवाई की गई। मामले की जांच थानाधिकारी जसरासर संदीप कुमार को सौंपी गई है। पुलिस आरोपियों से गांजा की खरीद-फरोख्त के संबंध में पूछताछ कर रही है। पुलिस को पुरानी गिन्नी क्षेत्र से घर के आगे खड़ी बोलेरो कैंपर चोरी करने वालों का पता नहीं चल पाया है। पुरानी गिन्नाणी में गायत्री माता मंदिर के पास रहने वाले भंवर सिंह ने सदर थाना पुलिस को रिपोर्ट दी थी कि बोलेरो कैंपर गाड़ी घर के आगे खड़ी की थी। दो अज्ञात व्यक्ति रात्रि के समय गाड़ी चुरा ले गए। सीसीटीवी में उनके फुटेज आए हैं। पुलिस को चोरों का पता नहीं चल पाया है।

अतिक्रमण नहीं हटे

श्रीगंगानगर, (कासं)। शहर में कब्जे हटाने को लेकर जिला प्रशासन व नगर परिषद गंभीर नहीं है। हालात यह हैं कि सीएम के उप सचिव की ओर से आदेश दिए जाने के बावजूद अधिकारियों ने कोई कार्रवाई नहीं की। दी नेशनल एंटीकरप्शन टाईगर संस्थान नई दिल्ली के संभागीय उपाध्यक्ष विजय कुमार शर्मा ने बताया कि हाईकोर्ट ने भी कब्जे हटाने के आदेश दिए हुए हैं। कलेक्टर, एसडीएम व आयुक्त द्वारा कार्रवाई नहीं की जा रही है। इस पर सीएम भजनलाल शर्मा को ज्ञापन प्रेषित कर कार्रवाई की मांग की गई है।

स्टेशनों पर काकतीय वास्तु और मधुबनी पेंटिंग जैसी कलाएं दिखेंगी

बीकानेर, (कासं)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव 22 मई को देश के जिन 103 रेलवे स्टेशनों का लोकार्पण करेंगे। उन सभी स्टेशनों पर क्षेत्रीय और स्थानीय कला का प्रदर्शन होगा। स्टेशनों पर स्थानीय लोगों को अपनी संस्कृति से जोड़े रखने के लिए ये अनूठा प्रयोग किया गया है। देश के 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 86 जिलों में 1,100 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से 103 पुनर्विकसित अमृत स्टेशनों का उद्घाटन होगा।

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 1,300 से अधिक स्टेशनों का जीर्णोद्धार और नवनिर्माण हुआ है। यहां क्षेत्रीय वास्तुकला को प्रतिबिंबित करने और यात्री सुविधाओं को बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। करणी माता मंदिर में आने वाले तीर्थ यात्रियों और पर्यटकों की सेवा करने वाला देशनोंक रेलवे स्टेशन मंदिर वास्तुकला, मेहराब और स्तंभ विषय वस्तु से प्रेरित होगा। तेलंगाना में बेगमपेट रेलवे स्टेशन काकतीय साम्राज्य की वास्तुकला उकेरी गई है।

- **मोदी आज देश के जिन 103 रेलवे स्टेशनों का लोकार्पण करेंगे, उन सभी स्टेशनों पर क्षेत्रीय और स्थानीय कला का प्रदर्शन होगा**

बिहार में थावे स्टेशन में 52 शक्तिपीठों में से एक मां थावेवाली का प्रतिनिधित्व करने वाले विभिन्न भित्ति चित्र और कलाकृतियां शामिल हैं। मधुबनी पेंटिंग को भी दर्शाया गया है। गुजरात का डाकोर स्टेशन रणछोड़राय जी महाराज से प्रेरित होगा। देश भर में पुनर्विकसित अमृत स्टेशनों में सांस्कृतिक विरासत के साथ आधुनिक बुनियादी ढांचे, दिव्यांगजनों के लिए यात्री-केंद्रित सुविधाओं और यात्रा के अनुभव को बेहतर करने के लिए टिकाऊ प्रथाओं को एकीकृत किया गया है। पीएम बीकानेर, नावा, डीडवाना, कुचामन में सौर परियोजनाओं सहित बिजली परियोजनाओं, पार्ट बी पावरग्रिड सिरोही ट्रांसमिशन लिमिटेड, पार्ट ई पावरग्रिड मेवाड़ ट्रांसमिशन लिमिटेड के विद्युत निकासी के लिए प्रणालियों की आधारशिला रखेंगे।

वे बीकानेर में सौर परियोजना, पावर ग्रिड नीमच और बीकानेर परिसर से निकासी के लिए परीक्षण प्रणाली, फतेहगढ़-पावर स्टेशन में परिवर्तन क्षमता के विस्तार सहित बिजली परियोजनाओं का भी उद्घाटन करेंगे।

चूरू-सादुलपुर रेल लाइन की आधारशिला रखेंगे। सूरतगढ़-फलौदी, फुलेरा-डेगाना, उदयपुर-हिम्मतनगर, फलौदी-जैसलमेर और समदड़ी-बाड़मेर रेल लाइन विद्युतीकरण को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री राज्य सरकार की 25 परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। 12 राज्य राजमार्गों के उन्नयन और रखरखाव के लिए परियोजनाओं का शिलान्यास होगा।

बीकानेर में पारा 45 डिग्री पार, येलो अलर्ट जारी

बीकानेर, (कासं)। यहां तापमान का ग्राफ लगातार बढ़ता जा रहा है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 45.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बुधवार सुबह 9 बजे ही पारा 37 डिग्री तक पहुंच गया, जिसके दोपहर तक 45 डिग्री से अधिक जाने की संभावना है। मौसम विभाग ने लू की आशंका जताते हुए लोगों को सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की है।

मौसम विभाग ने बुधवार के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। 22 मई को ओरेंज अलर्ट रहेगा, जिस दिन मेघ गर्जन, वज्रपात और 40-50 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना है। यही दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा का भी है।

23 और 24 मई को भी येलो अलर्ट जारी किया गया है, जिसमें लू का प्रकोप जारी रहने की चेतावनी दी गई है। गर्मी के चलते दोपहर 12 से शाम 5 बजे तक शहर की सड़कें सूनी दिखाई दे रही हैं। कोटगेट, केईएम रोड, जोशीवाड़ा और दाऊजी मंदिर मार्ग पर वाहनों की आवाजाही नाममात्र की है।

11 सवारी बिना टिकट, बस सारथी ने पैसे हड़पे

बीकानेर,(कासं)। पाली से अनूपगढ़ के बीच चलने वाली राजस्थान रोडवेज की एक बस की जांच में बड़ा घोटाला सामने आया है। बस में सफर कर रही 11 सवारियों के पास टिकट नहीं था। जबकि बस सारथी ने उनसे किराया लेकर पैसे खुद रख लिए।

बीकानेर आगार की मुख्य प्रबंधक इंदिरा गोदारा ने बताया कि अनूपगढ़ डिपो की पाली-अनूपगढ़ रूट पर चलने वाली बस की जांच की गई, जिसमें 41 सवारियों में से 11 के पास टिकट नहीं था। जांच में पाया गया कि बस सारथी रोहिताश ने इन 11 सवारियों से किराया वसूलने के बाद टिकट नहीं दिया और पैसे अपनी जेब में रख लिए। यह घटना रोडवेज को आर्थिक नुकसान पहुंचाने का गंभीर मामला है।

जांच दल में शामिल मदन सिंह राजपुरोहित और अंकित शर्मा ने पूरे घटनाक्रम का वीडियो रिकॉर्ड किया ताकि कोई भी आरोप झुठलाया न जा सके। प्रबंधक इंदिरा गोदारा ने बताया कि मुख्यालय के निर्देशानुसार रोडवेज के अधिकारियों और कर्मचारियों को बसों की औचक जांच की जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में इस तरह की और जांचें लगातार जारी रहेंगी। गौरतलब है कि इससे पहले भी रोडवेज में सवारियों से पैसे वसूल कर टिकट न देने के कई मामले सामने आ चुके हैं। जिनमें एक बस में 30-30 सवारी तक बिना टिकट पाई गई थी। इस प्रकार के मामलों में केवल राजस्व की हानि नहीं होती, बल्कि रोडवेज की विश्वसनीयता पर भी असर पड़ता है। इसलिए अब जरूरत है कि दोषी कर्मियों पर सख्त अनुशासनात्मक और कानूनी कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके।

- **पाली से अनूपगढ़ के बीच चलने वाली राजस्थान रोडवेज की एक बस की जांच में बड़ा घोटाला सामने आया**

बीकानेर से जाने वालों की डोम के पास पार्किंग

बीकानेर,(कासं)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सभा को लेकर प्रशासन तैयारियां पूरी कर चुका है। सभा स्थल, पार्किंग, चिकित्सा, सुरक्षा से लेकर तमाम तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। जयपुर रोड, श्रीगंगानगर रोड़, जैसलमेर रोड से आने वाले वाहन जो बीकानेर शहर की ओर से पलाना जायेंगे वे वाहन सीधे सभा स्थल के पास ही रूकेंगे। लेकिन जोधपुर और नोखा साइड से आने वाले वाहनों को 20 किमी घूमकर आना होगा।

दरअसल पीएम की सभा में प्रदेश भर से नेता कार्यकर्ता आ रहे हैं। वे अगर जयपुर रोड से आ रहे तो जयपुर-जोधपुर बाईपास से होते हुए सीधे पलाना पहुंचेंगे। श्रीगंगानगर, जैसलमेर से आने वाली गाड़ियां भी म्यूजियम सर्किल होते हुए जयपुर-जोधपुर बाईपास होते हुए पलाना जायेंगी। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे 22 मई को बीकानेर आयेंगे। वे जयपुर से वायु मार्ग से रवाना होकर सुबह 9:30 बजे नाल एयरपोर्ट पहुंचेंगे। यहां से 9.35 बजे सड़क मार्ग से देशनोक पहुंचेंगे तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित कार्यक्रमों में शामिल होंगे। बागडे यहां से 12 बजे नाल एयरपोर्ट के लिए प्रस्थान करेंगे। वे दोपहर 1 बजे नाल एयरपोर्ट आयेंगे तथा दोपहर 2.30 बजे औरंगाबाद के लिए प्रस्थान करेंगे।

- **नोखा रोड से आने वालों को 20 किमी लम्बा सफर तय करना पड़ेगा**
- **जयपुर रोड, श्रीगंगानगर रोड़, जैसलमेर रोड से आने वाले वाहन जो बीकानेर शहर की ओर से पलाना जायेंगे**

17 लाख का सोना चुराने वाला गिरफ्तार

बीकानेर, (कासं)। पुलिस ने कोतवाली थाने के पीछे जालप मार्केट में एक ज्वैलरी की दुकान में सेंधमारी कर 17 लाख रूपए का सोना चुराने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

कोतवाली एसएचओ जसवीर कुमार ने बताया कि स्वरूप आदक ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि शाम वह जालपा मार्केट स्थित अपनी दुकान बंद कर घर चला गया। सुबह दुकान खोलने पहुंचा तो ताले टूटे हुए थे और दराज में रखा 715 ग्राम सोना गायब था। पुलिस ने जालपा मार्केट के आस पास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले तो ज्वैलरी शॉप में चोरी करने वाला एक युवक नजर आया। युवक ने दुकान के ताले कटर से काटे थे। पुलिस ने आसपास के इलाके में दुकानों पर पूछताछ की तो सामने आया कि मोहल्ला भिश्तियान के पीछे रहने वाले समीर मालिक ने दुकान से कटर खरीदा था। पूछताछ में उसने चोरी की वारदात कबूल कर ली।

बसों की व्यवस्था में लगा पूरा स्टाफ, आरटीओ कार्यालय सूना

बीकानेर, (कासं)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 22 मई को बीकानेर के देश नोक-पलाना में प्रस्तावित दौरे के कारण जहां पूरा प्रशासन व्यवस्थाओं को लेकर व्यस्त है। वहीं बीकानेर आरटीओ कार्यालय के सभी अधिकारी से लेकर पूरे कार्मिकों तक को आमजन को प्रधानमंत्री की सभा तक लाने ले जाने और बसों एवं निजी वाहनों की व्यवस्था करने में लगा दिया है।

इधर आरटीओ कार्यालय में निजी एवं व्यवसायिक वाहन संबंधी सभी काम से जुड़ी शाखाओं की खिड़कियां आज बंद रही ओर इनके कार्मिक अपने अपने इलेक्ट्रोनिक उपकरण लेकर पुराने रथ खाना ऑफिस में बैठ गए। दोनों डीटीओ, रोस्टर अधिकारी एवं परिवहन निरीक्षक तक फील्ड में चले गए। अधिकारियों ओर कार्मिकों के प्रधानमंत्री सभा की तैयारी में लगने के कारण वाहनों की फिटनेस, परमिट,वाहन रजिस्ट्रेशन, चालान, कर ओर ड्राइविंग लाइसेंस संबंधी काम बाधित रहे।

वाहन स्वामी ओर वाहन कार्यों से जुड़े आवेदक अधिकारियों के नदारद होने से परेशान होते रहे। उन्हें विंडो पर कार्मिक भी नहीं मिले। बीकानेर सिटीज़न एसोसिएशन के एडवोकेट हनुमान शर्मा ने बताया कि आरटीओ कार्यालय में प्रधानमंत्री की सभा की व्यवस्था करने के साथ- साथ एक अधिकारी को ऑफिस में पब्लिक डिलिंग कार्य के लिए सीट पर होना चाहिए ताकि पब्लिक परेशान न हो। लेकिन विभाग ने सभी को फील्ड में लगा दिया जो अनुचित है। प्रधानमंत्री स्वयं आमजन के कार्यों में बाधा नहीं बनते लेकिन परिवहन विभाग खुद पब्लिक के लिए परेशानी का सबब बन गया है। अतः आरटीओ अधिकारी को पब्लिक हित में एक अधिकारी ओर कुछ कार्मिक को वाहन संबंधी कार्यों में भी लगाए रखना चाहिए।

वहीं देहात कांग्रेस अध्यक्ष बिशनाराम सियाग ने प्रधानमंत्री मोदी के देशनोक दौरे को लेकर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि एक तरफ तो पश्चिमी राजस्थान में भयंकर गर्मी व लू से परेशान जनता बिजली-पानी के संकट से जूझ रही है। दूसरी ओर भाजपा सरकार जनता की समस्याओं पर ध्यान देने की बजाय उन्हें और परेशान करने में लगी है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी की सभा में नेताओं से भीड़ नहीं जुटा पाने के कारण राज्य की भाजपा सरकार द्वारा सरकारी मशीनरी का जमकर दुरुपयोग किया जा रहा है।

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आज बीकानेर के देशनोक-पलाना में सभा**

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक : नियमन/2025/4009 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 21-05-2025

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 7 ई छोटी मुरब्बा नं. 46 के किला नं. 2,9,12,19, 25 में भूखण्ड माप 15 गुणा 65 -0" फीट के नियमन/पटटा हेतु आवेदक **श्री राजेन्द्र कुमार पुत्र श्री भागीरथ**, निवासी केदार कॉलानी श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/रकबे के संबंध में किसी की कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक **श्री राजेन्द्र कुमार पुत्र श्री भागीरथ, निवासी केदार कॉलानी श्रीगंगानगर** द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 7 ई छोटी मुरब्बा नं. 46 के किला नं. 2,9,12,19,25 में भूखण्ड माप 15 गुणा 65 -0 फीट का नियमन/पटटा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन/पटटा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पटटा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा। -सचिव,नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर।

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

क्रमांक :- LU2012/SGN/2025-26/101378 **लोक सूचना** दिनांक : 21.5.2025

श्री विपुल अग्रवाल पुत्र श्री राम अवतार अग्रवाल निवासी 23 सैकिण्ड ब्लॉक, पुरानी आबादी, श्रीगंगानगर एवं श्री संदीप चांडक पुत्र श्री मदन लाल चांडक निवासी 203 जी ब्लॉक, श्रीगंगानगर एवं श्री हर्षिल शैली पुत्र श्री मुकेश शैली निवासी सी-02 वीके सिटी, श्रीगंगानगर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का आवासीय प्रयोजनार्थ के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अधिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात :-

क्र. सं.	ग्राम तहसील व जिले का नाम	खातेदार का नाम	खसरा सं./भूमि का विवरण	क्षेत्रफल (हैक्टेयर)
1	चक 7 ई छोटी तहसील व जिला श्रीगंगानगर	श्री विपुल अग्रवाल पुत्र श्री राम अवतार अग्रवाल एवं श्री संदीप चांडक पुत्र श्री मदन लाल चांडक एवं श्री हर्षिल शैली पुत्र श्री मुकेश शैली	चक 3 ए छोटी मुरब्बा नं. 30 के किला नं. 01 में 0.2530 है., किला नं. 2 में 0.253 है. में से 0.2146 है. यथाकुल 0.4676 हैक्टे.	कुल 0.4676 हैक्टेयर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 21.5.2025 को जारी की गयी। - **प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर**

विज्ञापन संख्या : 45/2025

भारत सरकार

लोक उद्यम चयन बोर्ड

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण में सदस्य (एचआर)

पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।

आवेदकों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि

09 जून, 2025 (15:00 बजे तक) है।

नोडल अधिकारियों द्वारा आवेदनों को लोक उद्यम चयन बोर्ड में अग्रेषित करने की अंतिम तिथि

18 जून, 2025 (17:00 बजे तक) है।

जानकारी के लिए वेबसाइट

https://pesb.gov.in

में लॉग इन करें।

CBC-0314/12/0003/2526

ट्रांसफार्मर की सर्विस लाइन जली

बीकानेर, (कासं)। व्यास कॉलोनी में कचरे में लगी आग ने बड़ा संकट खड़ा कर दिया। आग की चपेट में आकर पास स्थित ट्रांसफार्मर की सर्विस लाइन जल गई, जिससे इलाके में कई घंटे तक बिजली आपूर्ति ठप रही।

कॉलोनी के सरकारी क्वार्टरों के पास एक बाड़े में जमा कचरे में अचानक आग लग गई, जिसकी लपटें पास ही लगे बिजली ट्रांसफार्मर तक जा पहुंचीं। आग से ट्रांसफार्मर की सर्विस लाइन जल गई, जिससे इलाके के कई घरों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। (बीकेएसएल) के प्रवक्ता अशोक शर्मा ने बताया कि गनीमत रही कि केवल सर्विस लाइन ही जली, ट्रांसफार्मर ने आग नहीं पकड़ी वरना और भी बड़ा हादसा हो सकता था।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने देशनोक रेलवे स्टेशन पर अवलोकन के दौरान महिला सफाई कर्मचारियों से आत्मीय मुलाकात की। इस दौरान उनकी मनुहार पर मुख्यमंत्री ने साथ खड़े होकर छायाचित्र खिंचवाया और उनके द्वारा स्वच्छ और स्वस्थ समाज के लिए दिए जा रहे योगदान पर भूरी-भूरी प्रशंसा की।

युवाओं ने निजी खर्चे पर जलकुंड बनाये

श्रीगंगानगर, (कासं)। यहां पड़ रही भीषण गर्मी के बीच वन्य जीवों को राहत देने के लिए युवाओं ने अपने स्तर पर अनोखा प्रयास करते हुए अपने स्तर पर पैसे इकट्ठे कर वन्य जीवों के लिए रेगिस्तानी इलाके में पानी के लिए जलकुंड तैयार किया।

जैतसर इलाके के गांव जानकीदासवाला के युवाओं ने भीषण गर्मी में वन्य जीवों की पानी से जुड़ी परेशानी को समझते हुए गांव की सरकारी जगह पर दो दिनों में दो जल कुंड तैयार कर दिए। जानकीदासवाला गांव के युवाओं की इस पहल पर आसपास गांवों के ग्रामीणों द्वारा भी सराहना की जा रही है। जानकारी के अनुसार भीषण गर्मी में कुछ गांवों में जहां ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए मशक्कत करनी पड़ रही है, वहीं गांव जानकीदासवाला के युवाओं ने वन्य जीवों को पानी मुहैया करवाने के लिए दो विशाल जलकुंड तैयार कर दिए हैं। जल कुंड गांव की ऐसी जगह बनाए गए हैं जहां वन्य जीवों को सहजता व सरलता से पानी प्राप्त हो सकता है। ग्रामीण मनीष जोशी ने बताया कि क्षेत्र में पिछले कई दिनों से तापमान 47 डिग्री के पार पह